समर इंटर्नशिप में सीआइएमपी आगे, 100 प्रतिशत प्लेसमेंट

जासं, पटना : चंद्रगुप्त प्रबंधन संस्थान, पटना (सीआइएमपी) के पीजीडीएम बैच के विद्यार्थियों ने 100 प्रतिशत समर प्लेसमेंट हासिल किया है। समर इंटर्नशिप प्लेसमेंट प्रक्रिया की शुरुआत जनवरी 2022 से हुई थी। इसमें 15 से अधिक कंपनियों ने प्लेसमेंट प्रक्रिया में भाग लिया। दो महीने तक चलने वाली इंटर्नशिप में छात्रों को दिए जाने वाले औसत इंटर्नशिप स्टाईपेंड में बढ़ोतरी हुई है। इस बार संस्थान में निवेश बैंकिंग फर्म जिवाईआर, कैपिटल एडवाइजर्स, एफएमजीसी कैटेग्री, आइटीसी, केपीएमजी, दर्शा एआइ और अन्य शामिल हैं। सीआइएमपी के प्लेसमेंट चेयरपर्सन प्रो. राजीव वर्मा ने कहा कि उत्कृष्ट शिक्षण संकायों और अत्याधुनिक बुनियादी ढांचे के साथ मजबूत अकादमिक उद्योग सहयोग ने हमे साल दर साल 100 प्रतिशत प्लेसमेंट हासिल करने में मदद की है। निदेशक डा. राणा सिंह ने सभी छात्रों को बधाई देते हुए पूरे मनोयोग से कार्य करने का निर्देश दिया है।

Dainik Jagran ! Page.No-04
Dated:06-06-2022

समर इंटर्नशिप

सीआईएमपी : 100 फीसदी किया गया समर प्लेसमेंट

पटना |सीआईएमपी के पीजीडीएम बैच के विद्यार्थियों ने 100 प्रतिशत समर प्लेसमेंट हासिल किया है। समर इंटर्नशिप प्लेसमेंट प्रक्रिया की शुरुआत जनवरी 2022 से हुई थी। इसमें प्रबंधन के छात्रों को इंटर्नशिप का मौका मिला। कुल 15 से अधिक कंपनियों ने प्लेसमेंट प्रक्रिया में भाग लिया। मात्र दो महीने तक चलने वाली इंटर्नशिप में छात्रों को दिए जाने वाले औसत इंटर्नशिप स्टाईपेंड में बढ़ोतरी हुई है। इस बार संस्थान में निवेश बैंकिंग फर्म जिवाईआर, कैपिटल एडवाइजर्स, एफएमजीसी कैटेगरी, आईटीसी, केपीएमजी, दर्शा एआई और अन्य शामिल हैं।

सीआईएमपी के प्लेसमेंट चेयरपर्सन प्रो. राजीव वर्मा ने कहा कि उत्कृष्ट शिक्षण संकायों और अत्याधुनिक बुनियादी ढांचे के साथ मजबूत अकादमिक उद्योग संहयोग ने हमें साल दर साल 100 प्रतिशत प्लेसमेंट हासिल करने में मदद की है।

Dainik Bhaskar ! Page.No-02
Dated:06-06-2022

सीआइएमपी में 100 प्रतिशत समर प्लेसमेंट स्टाइपेंड में बढ़ोतरी

इंटर्नशिप

संवाददाता ▷ पटना

चंद्रगुप्त प्रबंधन संस्थान पटना (सीआइएमपी) में 100 प्रतिशत समर प्लेसमेंट हुआ है. इस बार कुल 15 कंपनियों ने स्टूडेंट्स को पेड इंटर्नशिप का मौका दिया है. दो महीने तक चलने वाली इंटर्नशिप में स्टूडेंट्स को दिये जाने वाले औसत इंटर्नशिप स्टाइपेंड में भी बढ़ोतरी हुई है. इस बार निवेश बैंकिंग फर्म जिवाइआर, कैपिटल एडवाइजर्स, एफएमजीसी कैटेगरी, आइटीसी, केपीएमजी, दर्शा एआइ और अन्य कंपनियां शामिल हैं. सीआइएमपी के प्लेसमेंट इंचार्ज प्रो राजीव वर्मा ने कहा कि बेहतर शिक्षण संकायों के कारण समर इंटर्नशिप 100 प्रतिशत हुआ है. अत्याधुनिक बुनियादी ढांचे के साथ बेहतर शैक्षणिक माहौल से स्टूडेंट्स को फायदा मिला है. 100 प्रतिशत प्लेसमेंट हासिल करने में संस्थान के हर डिपार्टमेंट ने मदद किया है. इसमें सभी पीजीडीएम के स्टूडेंट्स हैं.

इंटर्नशिप के बाद प्रोजेक्ट करें प्रस्तुत

समर इंटर्नशिप के लिए संस्थान में स्पेशल सेशन आयोजित किया जायेगा. इसमें स्टूडेंट्स को रिपोर्ट तैयार करने के लिए बताया जायेगा. स्टूडेंट्स अपनी इंटर्नशिप रिपोर्ट कितनी बेहतर लिख सकते हैं, यह स्पेशल सेशन में बताया जायेगा. इसके साथ ही स्टूडेंट्स को रिसर्च के संभावित एरिया के बारे में भी बताया जायेगा. स्टूडेंट्स इंटर्नशिप के दौरान वहां जाकर क्या-क्या ज्ञान हासिल किये हैं, यह बताना होगा. इससे पहले भी संस्थान ने सभी स्टूडेंट्स को समर इंटर्नशिप के दौरान कौन-कौन सी बातों पर ध्यान देना है, वह बताया गया था. समर इंटर्नशिप के पहले स्टूडेंट्स को प्रोजेक्ट रिपोर्ट लिखने की कला सिखायी जा रही है. इसमें प्रोफेशनल के साथ संस्थान के फैकल्टी भी स्टूडेंट्स को गाइड करेंगे.

Prabhat Khabar ! Page.No-04
Dated:06-06-2022